## भर्ती हेतु सूचना
## वरिष्ठ परामर्शदाता – राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम)

### राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) का एक उप–मिशन है, जिसे शहरी कमजोर वर्ग के लोगों, जैसे कि आवारा बच्चों, निर्माण मज़दूरों, रिक्शा चालकों, सेक्स वर्कर, पटरी विक्रेताओं, प्रवासी मज़दूरों इत्यादि पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए शहरी आबादी की स्वास्थ्य ज़रूरतें पूरी करने के लिए आरंभ किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य, मौजूदा स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी प्रणाली को सुदृढ़ करना, आवश्यकतानुसार नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, सामुदायिक संपर्क को बेहतर बनाना, शहरी स्वास्थ्य कर्मियों का क्षमता विकास करना और मौजूदा रोग नियंत्रण कार्यक्रमों को एकीकृत करना है। शहरी स्वास्थ्य में शहरी स्थानीय निकायों के एक महत्वपूर्ण हितधारक होने के नाते, यह मिशन शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) की शहरी स्वास्थ्य क्षमता को सुदृढ़ करने और नगर निकायों के साथ भागीदारी में स्वास्थ्य के सामजिक घटकों का समाधान करना चाहता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय का एक तकनीकी सहयोग निकाय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र, एनयूएचएम के कार्यान्वयन में राज्यों के सहयोग के लिए मंत्रालय के साथ कार्य करता है। एनएचएसआरसी के विभिन्न प्रभाग, अपने तकनीकी क्षेत्र के अनुसार राज्यों में एनयूएचएम के कार्यान्वयन में योगदान करते हैं। जन स्वास्थ्य प्रशासन विभाग, मिशन को आगे ले जाने में सभी प्रभागों और मंत्रालय के साथ समन्वय करता है।

जन स्वास्थ्य प्रशासन, एनयूएचएम के कार्यान्वयन में समन्वय के लिए एक वरिष्ठ परामर्शदाता की भर्ती करने का इच्छुक है।

### कार्य का विवरण

वरिष्ठ परामर्शदाता, सलाहकार, जन स्वास्थ्य प्रशासन के समग्र मार्गदर्शन में कार्य करेगा और तकनीकी तौर पर प्रभाग में कार्यक्रम का नेतृत्व करेगा। एनयूएचएम का महत्वपूर्ण व्यक्ति होने के नाते वरिष्ठ परामर्शदाता, परामर्शदाता (ओं) के कार्यों का पर्यवेक्षण भी करेगा। वरिष्ठ परामर्शदाता से केंद्रीय स्तर पर एनयूएचएम की नीति एवं नियोजन प्रक्रिया में योगदान करने और राज्य स्तर पर कार्यान्वयन प्रक्रिया में सहयोग करने की अपेक्षा की जाती है। उससे कार्यक्रम का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय और राज्य सरकारों से निकट संपर्क में कार्य करना अपेक्षित है। उससे वर्ष के आरंभ में राज्यवार लक्ष्य निर्धारित करने, एक कार्य योजना तैयार करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे प्राप्त करने की अपेक्षा की जाती है।

### पात्रताः

**i) अनिवार्य**

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर उपाधि
- स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रम नियोजन या कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत न्यूनतम 5 वर्षों का कार्य अनुभव
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के परिचालन, जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव
- कार्यक्रम या नीति स्तर पर शहरी स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर कार्य करने, निगरानी एवं मूल्यांकन, आंकड़ा विश्लेषण, जन स्वास्थ्य प्रशासन, शासन की दक्षता और अनुभव
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों में उच्च स्तरीय ज्ञान सहित कंप्यूटर प्रवीणता
- बहुआयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता,
- उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण, प्रस्तुति कौशल और विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमता,
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और समय सीमा के भीतर कार्य संपन्न करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्यों को करने की क्षमता।

**ii) वांछनीय**

- एमबीबीएस या बीडीएस उपाधि,
- जन स्वास्थ्य के सुसंगत क्षेत्रों में अनुसंधान का अनुभव,
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य,
- केंद्रीय स्तर, राज्य स्तर या तकनीकी सहयोग निकायों में शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रमों में पूर्व अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

कार्य दायित्व

- राज्य के स्वास्थ्य विभाग और शहरी स्थानीय निकायों को कार्यक्रम कार्यान्वयन में तकनीकी सहायता प्रदान करना,
- राज्यों में कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए समय–समय पर निगरानी दौरे करना, रिपोर्टें तैयार करना और राज्यों द्वारा सिफारिशों के कार्यान्वयन पर अनुवर्ती कार्रवाई करना,
- कार्यान्वयन में आ रही बाधाओं का समाधान करने के लिए फील्ड दौरों, एचएमआईएस, तिमाही प्रगति रिपोर्टों से प्राप्त आंकड़ों और प्रेक्षणों का विश्लेषण एवं उपयोग करना,
- कार्यक्रम कार्यान्वयन, भौतिक और वित्तीय प्रगति, नवाचार, पीपीपी इत्यादि पर राज्यवार डेटा का संग्रह रखना
- विशिष्ट कार्यक्रम घटकों, जैसे कि जोखिम मानचित्रण, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों, सुदूर क्षेत्र की गतिविधियों इत्यादि को बेहतर बनाने के बारे में राज्यों का मार्गदर्शन करना,
- स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्णय लेने में सहायता करने के लिए राज्यों से प्राप्त शहरी स्वास्थ्य प्रस्तावों की समीक्षा एवं मूल्यांकन करना
- स्वास्थ्य मंत्रालय, परामर्शी प्रतिष्ठानों एवं अन्य हितधरकों का सहयोग लेते हुए, सलाहकार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम दस्तावेजों एवं दिशानिर्देशों का मसौदा तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभाना एवं समन्वय करना,
- स्वास्थ्य मंत्रालय, एशियाई विकास बैंक एवं अन्य कार्यान्वयन भागीदारों के साथ उपयुक्त स्तरों पर संपर्क स्थापित करना,
- विभिन्न संवर्गों और स्वास्थ्य विभाग, नगर निकायों और अन्य हितधारकों के स्टाफ सदस्यों के लिए क्षमता विकास और अभिमुख सामग्री को तैयार करने में समन्वय करना,
- राज्यों को कार्यक्रम और नैदानिक स्टाफ, दोनों के लिए विशिष्ट क्षमता विकास सहायता प्रदान करना,
- शहरी स्वास्थ्य के लिए एनएचएसआरसी के अन्य प्रभागों, जैसे कि गुणवत्ता आश्वासन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, जन स्वास्थ्य नियोजन, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य वित्तपोषण प्रभागों के साथ समन्वय एवं सहयोग करना,
- सलाहकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए पीएचए प्रभाग के कोई अन्य कार्य करना।

उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए औपचारिक शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं आयु में ढील दी जा सकती है।

**आयु सीमाः** अधिकतम **5**0 वर्ष
**कार्य स्थलः** नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों में यात्रा करने को इच्छुक।
**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 90,000/– रु. से 1,30,000/– रु. के बीच
**संविदा अवधिः** 3 माह की परिवीक्षा अवधि सहित दो वर्ष

*** संविदा 31 मार्च 2017 के उपरांत तभी वैध रहेगी, बशर्ते एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी रहता है। यदि एनएचएसआरसी 31 मार्च 2017 से आगे जारी नहीं रहता है, तो संविदा को वापस ले लिया गया माना जाएगा।

**टिप्पणी:**

- जीवन-वृत्त दिनांक **23-Aug-2016** को **अपराहन 4:00 बजे** तक ई-मेल **rec.nhsrc.2016@gmail.com** पर अवश्य पहुंच जाना चाहिए।
- यह, समाचार पत्र विज्ञापन दिनांक **3 अगस्त 2016** में दी गई ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता को प्रतिस्थापित करता है।
- कृपया सबजेक्ट-लाईन में सटीक आवेदित पद का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर जीवन-वृत्त भेजना होगा।
- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना जीवन-वृत्त स्वीकार नहीं किया जाएगा।